राज्यपाल सचिवालय, विहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 31 अक्टूबर 2017

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने आज लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में पटेल चौक (चितकोहरा रेलवे ब्रीज), पटना के समीप स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उक्त राजकीय समारोह में माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग श्री नंद किशोर यादव, माननीय शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नन्दन प्रसाद वर्मा, बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी, विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक सहित कई जन–प्रतिनिधिगण, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों/ प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य जन आदि ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन–कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।

......................................................